## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 17.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **निर्वाचन आयोग ने कहा– मतदाता सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता बरती गई; राजनीतिक दलों को हर चरण में शामिल किया गया।**
2. **झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान पहुंचे सरायकेला–खरसावां जिला व्यवहार न्यायालय, पौधा रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।**
3. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दामोदर नदी में दिशोम गुरू शिबू सोरेन की अस्थियों का किया विसर्जन।**
4. **सिमडेगा पुलिस ने तीस लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार।**
5. **डूरंड कप क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आज जमशेदपुर एफसी का मुकाबला डायमंड हार्बर एफसी से।**

************************

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मतदाता–सूची पूरी पारदर्शिता से, कायदे–कानूनों का पालन कर तैयार की जाती है। आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची तैयार करते समय हर चरण में राजनीतिक दलों को शामिल किया गया था। आयोग ने पिछले चुनावों की मतदाता सूचियों में कथित कमियों का मुद्दा उठाए जाने की आलोचना की। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता–सूची से जुड़ा कोई भी मुद्दा दावा और आपत्ति अवधि के दौरान उठाया गया होता, तो उनकी जाँच की जा सकती थी। आयोग ने यह भी कहा कि कई राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं ने मतदाता–सूची के मसौदे पर समय रहते कोई आपत्ति दर्ज नहीं की थी।

************************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान आज सरायकेला–खरसावां जिला व्यवहार न्यायालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया और न्यायिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर न्यायालय परिसर में पौधारोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इससे पूर्व शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश ने चांडिल अनुमंडल न्यायालय का भी निरीक्षण किया था। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाशंकर सिंह, उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह, डालसा सचिव तौसीफ मेराज सहित जिला न्यायालय के सभी जज, न्यायिक पदाधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल मौजूद थे।

************************

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 47 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया की सफलता के कारण पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 31 अरब डॉलर से बढ़कर 133 अरब डॉलर हो गया है।

************************

सर्वोच्च न्यायालय कल से राष्ट्रपति के संदर्भ पर सुनवाई शुरू करेगा। इसमें मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ पहले मामले की अनुरक्षणीयता पर तमिलनाडु और केरल की प्रारंभिक आपत्तियों पर सुनवाई करेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अनुच्छेद 143 के अंतर्गत प्रस्तुत संदर्भ में न्यायालय से राय मांगी है कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति पर निश्चित समयसीमा लागू की जा सकती है। केंद्र ने अपनी दलील में इस विचार का विरोध किया है। केंद्र ने तर्क दिया कि ऐसी समय–सीमाएँ संवैधानिक संतुलन बिगाड़ देंगी ।

************************

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन–घोटाले की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। मामले में चार्जशीटेड आरोपियों के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी किया गया है। अदालत ने उपस्थिति की तारीख 27 अगस्त निर्धारित की है। इस मामले में कोयला कारोबारी धनबाद निवासी प्रमोद सिंह, उसकी पत्नी प्रिया सिंह और पिता आदित्या नारायण सिंह चार्जशीटेड हैं। प्रमोद सिंह जब ईडी के 12 समन पर नहीं पहुंचा तो उसे 19 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

********************

गोड्डा में पिछले दिनों पुलिस मुठभेड़ में मारे गए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता सूर्या हांसदा मामले में भाजपा का सात सदस्यीय दल जांच करेगा। जांच दल का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से गठित जांच दल आज सूर्या हांसदा के गोड्डा के डकैत ललमटिया स्थित आवास जाकर पूरे मामले की जांच करेगा।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज अपने पूरे परिवार के साथ रजरप्पा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने पिता और झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियों का विसर्जन किया। दामोदर नदी में पारंपरिक रीति–रिवाजों के तहत अस्थियां प्रवाहित की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री के छोटे भाई और विधायक बसंत सोरेन, दोनों पुत्रों समेत परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। दिशोम गुरु का कल ही नेमरा गांव में संस्कार भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें लाखों लोग शामिल होकर दिशोम गुरु को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे।

********************

सिमडेगा सदर अस्पताल में 5 वर्षों के बाद ऑर्थोपेडिक की सर्जरी शुरू हो गई है।

********************

झारखंड नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से 20 अगस्त को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में 850 पदो पर नियुक्ति की जाएगा। मेला का आयोजन सर्कुलर रोड स्थित अवर प्रादेशिक नियोजनालय सेंटर परिसर में किया जाएगा। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की कई कंपनियां शामिल होगी। इसमें 8वीं पास से लेकर मास्टर डिग्री धारी उम्मीदवारों के लिए अवसर उपलब्ध रहेंगे।

********************

पाकुड़ जिले के 128 पंचायतों में डिजीटल इंडिया के तहत शिक्षा, स्वास्थ और वित्तीय सेवाए डिजीटल तकनीको का उपयोग कर मुहैया करायी जा रही है। जिसका लाभ आम लोग ले रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सुविधा से उनके प्रमाण पत्र आसानी से बन रहे हैं।

********************

सिमडेगा पुलिस ने जांच के दौरान करीब 30 लाख रुपए मूल्य का 60 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। सिमडेगा के उपायुक्त को सूचना मिली थी कि कोलेबिरा इलाके में अवैध बालू का कारोबार चल रहा है। जिसकी जांच के लिए उपायुक्त के निर्देश पर जांच अभियान चलाया जा रहा था। जांच अभियान के दौरान ही एसडीओ के नेतृत्व में स्पेशल टीम ने एक कार से मादक पदार्थ पकड़ा। इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार 5 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 21 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान मानसून कमजोर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले चार दिनों के दौरान कही कही बादल छाए रहेंगे। वहीं कुछ इलाकों में गरज और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

**********************

डूरंड कप क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आज जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी का मुकाबला पहली बार डायमंड हार्बर एफसी से होगा। जमशेदपुर एफसी ने ग्रुप सी में अपने तीनों मैच लगातार जीत कर शीर्ष में रहकर क्वाटर फाइनल में जगह बनाई है,जबकि डायमंड हार्बर एफसी सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान की टीमों में से एक के रूप में अंतिम आठ में पहुंची है।

**********समाप्त************